# वर्णमाला व विराम चिन्ह से सम्बन्धित अध्यायवार प्रश्नकोश

**1.** हिंदी वर्णमाला में ऊष्म व्यंजन कौन से हैं?
(a) श, ष, स, ह (b) त, थ, द, ध
(c) ट, ठ, ड, ढ़ (d) च, छ, ज, झ

**2.** य, र, ल, व व्यंजनों को कहते हैं?
(a) स्पर्श व्यंजन (b) अन्तःस्थ व्यंजन
(c) ऊष्म व्यंजन (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**3.** जिन शब्दों के अंत में 'अ' आता है, उन्हें क्या कहते हैं?
(a) अनुस्वार (b) अयोगवाह
(c) अंतःस्थ (d) अकारांत

**4.** निम्नलिखित में से कौन–सा वर्ण घोष है –
(a) प (b) ट
(c) द (d) फ

**5.** भाषा की सबसे छोटी इकाई किसे कहते हैं?
(a) शब्द (b) व्यंजन
(c) स्वर (d) वर्ण (अक्षर)

**6.** वर्णमाला किसे कहते हैं?
(a) शब्द–समूह को (b) वर्ण–समूह को
(c) शब्द–गणना को (d) व्यवस्थित वर्ण–समूह को

**7.** निम्नलिखित में से कंठ्य ध्वनियाँ कौन–सी हैं?
(a) क, ख (b) य, र
(c) च, ज (d) ट, ण

**8.** निम्नलिखित में से उच्चारण–स्थान के आधार पर मूर्द्धन्य व्यंजन बताइए?
(a) ग, घ (b) ज, झ
(c) ड, ढ (d) प, फ

**9.** निम्नलिखित में से 'अल्पप्राण' वर्ण कौन–से हैं?
(a) अ, आ (b) क, ग
(c) थ, ध (d) फ, भ

**10.** निम्नलिखित में से कौन सी ध्वनि ओष्ठ्य नहीं है?
(a) प (b) ब
(c) म (d) त

**11.** हिन्दी–भाषा में मूलतः वर्णों की संख्या कितनी मानी गयी है?
(a) 50 (b) 51
(c) 52 (d) 53

**12.** निम्नलिखित में से 'नासिक्य' व्यंजन कौन–सा है?
(a) ष (b) ञ
(c) ग (d) ज

**13.** 'ए', 'ऐ' वर्ण क्या कहलाते हैं?
(a) नासिक्य (b) मूर्द्धन्य
(c) ओष्ठय (d) कण्ठ्य–तालव्य

**14.** निम्नलिखित में से किसे हिन्दी की मानक वर्णमाला में स्थान नहीं दिया गया है?
(a) लृ (b) कृ
(c) श्री (d) ड़

**15.** 'क्ष' ध्वनि किस वर्ण के अन्तर्गत आती है?
(a) मूल स्वर (b) घोष वर्ण
(c) संयुक्त वर्ण (d) तालव्य

**16.** 'ज्ञ' वर्ण किन वर्णों के संयोग से बना है?
(a) ज + ञ (b) ज् + ञ
(c) ज +ध (d) ज +न्य

**17.** निम्नलिखित में से संयुक्त व्यंजन कौन सा है?
(a) ढ (b) ज्ञ
(c)ङ (d) ड़

**18.** कौन–सा अमानक वर्ण है?
(a) ख (b) घ
(c) क्त (d) भ

**19.** 'क्ष' वर्ण किसके योग से बनता है?
(a) क् +ष (b) क् +च
(c) क् +छ (d) क् +श

**20.** हिन्दी–वर्णमाला के स्वरों की कुल संख्या कितनी है?
(a) 10 (b) 11
(c) 12 (d) 13

**21.** निम्नलिखित में से कौन–सा 'ट वर्ग' का नहीं है?
(a) ठ (b) ढ
(c) ण (d) घ

**22.** इनमें से 'ओ' का उच्चारण–स्थल कौन–सा है?
(a) दन्त (b) मूर्द्धा
(c) दन्त (d) कण्ठ–ओष्ठ

**23.** **'क', 'ग', 'ज', 'फ'** ध्वनियाँ किसकी हैं?
(a) संस्कृत की (b) अरबी–फारसी की
(c) अंग्रेजी की (d) दक्षिणी भाषाओं की

**24.** तालव्य व्यंजन है –
(a) द, ट, ड, ढ (b) च, छ, ज, झ
(c) त, थ, द, थ (d) म, फ, ज, भ

**25.** 'स्वर ध्वनि' के प्रकार हैं?
(a) दीर्घ (b) प्लुत
(c) ह्रस्व (d) उपर्युक्त तीनों

**26.** आधुनिक व्याकरण की दृष्टि से 'ब्' वर्ण का वैशिष्ट्य है –
(a) ओष्ठ्य, स्पर्श, अल्पप्राण, अघोष, निरनुनासिक
(b) द्वयोष्ठ्य, स्पर्श, अल्पप्राण, घोष, निरनुनासिक
(c) द्वयोष्ठ्य, स्पर्श–संघर्षी, अल्पप्राण, अघोष निरनुनासिक
(d) ओष्ठ्य, स्पर्श, महाप्राण, सघोष, निरनुनासिक

**27.** महाप्राण ध्वनियाँ व्यंजन–वर्ग में किससे संबंधित हैं?
(a) पहला, दूसरा (b) दूसरा, तीसरा
(c) दूसरा, चौथा (d) पहला, चौथा

**28.** इनमें से कौन सा वर्ण स्पर्श व्यंजन नहीं है?
(a) क (b) च
(c) ट (d) य

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (a) | 2. (b) | 3. (d) | 4. (c) | 5. (d) | 6. (d) | 7. (a) | 8. (c) | 9. (b) | 10. (d) |
| 11. (c) | 12. (b) | 13. (d) | 14. (a) | 15. (c) | 16. (b) | 17. (b) | 18. (c) | 19. (a) | 20. (b) |
| 21. (d) | 22. (d) | 23. (b) | 24. (b) | 25. (d) | 26. (b) | 27. (c) | 28. (d) | | |

EduBull.com